हिन्दुस्तान
सोमवार
23 फरवरी 2026, बरेली
भरोसा नए हिन्दुस्तान का

PAGE NO, 07, BOTTOM

कैंसर की रोकथाम को जरूरी है समय पर जांच

एसआरएमएस में प्ले वर्कबुक का लोकार्पण करते अतिथि और आयोजक।

बरेली, वरिष्ठ संवाददाता। एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में रविवार को ओंको लॉजिक्स पैनल्स का आयोजन हुआ। इसमें महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज के रेडियोथेरेपी विभागाध्यक्ष कैंसर विशेषज्ञ डा. आरएन दत्ता ने कैंसर की रोकथाम के उपायों को साझा किया। एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति ने इलाज के स्थान पर बीमारी से बचाव को महत्वपूर्ण बताया।

एसआरएमएस के आरआर कैंसर इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर व कार्यक्रम के ऑर्गनाइजिंग चेयरपर्सन डा. पियूष कुमार ने सभी का स्वागत किया और पहले वार्षिक ओंको लॉजिक्स पैनल्स के बारे में जानकारी दी। इसकी थीम टुडे वी मीट, टुमारो वी ग्रीड को समझाया। प्रिंसिपल एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डा. एसएस बुटोला ने आरआर कैंसर इंस्टीट्यूट की उपलब्धियों के बारे में बताया। कार्यक्रम की ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डा. हिमांशी खट्टर ने सभी का आभार जताया। उद्घाटन सत्र का संचालन डा. दिव्यांशी बैजल ने किया। इस अवसर पर एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर आदित्य मूर्ति, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डा. आरपी सिंह, डीन पीजी डा. रोहित शर्मा, डीन यूजी डा. बिंदु गर्ग आदि मौजूद रहे।